रक्षा लेखा महानियंत्रक का नववर्ष संदेश

नव वर्ष के नव विहान पर समस्त रक्षा लेखा परिवार को मेरी ओर से नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएँ !

नव वर्ष नए संकल्पों और नई सार्थक दिशाओं से जुड़ने और पुराने उत्तरदायित्वों को नई उर्जा से समाहित करने का समय होता है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि 2025 का यह अरूणोदय हम सब में नई स्फूर्ति का संचार करेगा और हम नए उत्साह और लगन से पूरी निष्ठा के साथ स्वयं को अपने कार्य और कर्तव्यों के प्रति समर्पित करेंगे।

हर वर्ष अपने साथ कुछ नई चुनौतियाँ लेकर आता है ; हमें उन चुनौतियों का संयम और साहस से प्रतिबद्ध होकर सामना करना होगा। कहा गया है कि 'कर्तव्येन कर्तभि रक्ष्यते' अर्थात 'कर्तव्य का पालन करने वाला व्यक्ति कर्तव्य द्वारा रक्षित होता है'; अतः नए वर्ष में हमारा यह प्रण होना चाहिए कि हम विभाग के समक्ष आई किसी भी चुनौती को अपने कर्तव्यबोध और इच्छाशक्ति से तत्परता से हल करेंगे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर इस विभाग को निरंतर नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए कटिबद्ध रहेंगे और हमेशा ही इस बात के लिए प्रयासरत रहेंगे कि हमारा हर कार्य विभाग को एक सार्थक गति और दिशा प्रदान करेगा ।

नव वर्ष संपूर्ण विभाग और आप सबके लिए व्यक्तिगत तौर पर मंगलमय हो !यह न केवल हमारे व्यक्तिगत उत्थान बल्कि विभाग के उन्नयन का मार्ग प्रशस्त करे!

जय हिंद !

देविका

(देविका रघुवंशी)

दिनांक : 01– 01– 2025